ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा–846004

पत्रांकः ....   दिनांक ....

सेवा में,

1. सभी विभागाध्यक्ष,
   विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर विभाग,
   ल० ना० मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।
2. सभी प्रधानाचार्य,
   (स्नातकोत्तर अध्यापन वाले महाविद्यालय),
   ल० ना० मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।

विषयः–स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य सत्र– (2023–25) में द्वितीय चयन सूची के आधार पर नामांकन के संबंध में।

महाशय,

उपरोक्त विषय के संदर्भ में सूचित करना है कि स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य सत्र– 2023–25 मे नामांकन हेतु द्वितीय चयन सूची विश्वविद्यालय के वेबसाईट (www.lnmu.ac.in) पर जारी कर दी गयी है। विश्वविद्यालय के विभिन्न स्नातकोत्तर विभागाध्यक्ष एवं स्नातकोत्तर अध्यापन वाले महाविद्यालयों के प्रधानाचार्य से अनुरोध है कि ***दिनांकः– 06.11.2023 से 08.11.2023 तक*** द्वितीय चयन सूची में चयनित छात्र/छात्राओं का आवंटित स्नातकोत्तर विभाग/महाविद्यालय में नामांकन लेंगे। तदुपरान्त नामांकन से बचे हुए रिक्त सीट पर प्रतिक्षा सूची के छात्र/छात्राओं का नामांकन ***दिनांक– 10.11.2023 से 11.11.2023 तक*** आवश्यक प्रमाण–पत्र के जाँचोपरान्त नामांकन सुनिश्चित किया जाय। नामांकन से संबंधित विभागीय पत्र ***पत्रांक– छा०क०– 181/23 दिनांक– 18.10.2023*** की सभी शर्तें यथावत् रहेगी।

द्वितीय सूची में चयनित छात्र/छात्रा अपना चयन–पत्र (Selection letter) विश्वविद्यालय के वेबसाईट से यूजर आई–डी एवं पासवर्ड (User I.D and password) के द्वारा लॉग–इन (login) कर डाउनलोड कर सकते हैं। प्रतिक्षा सूची विश्वविद्यालय के वेबसाईट (www.lnmu.ac.in) पर दिनांक– 06.11.2023 को जारी की जायेगी। द्वितीय चयन सूची से नामांकनोपरान्त जिस कोटि की सीट रिक्त रहती है प्रतिक्षा सूची में अंकित उसी कोटि से दिनांक– 10.11.2023 से 11.11.2023 तक नामांकन ले सकते हैं। प्रतिक्षा सूची के छात्र/छात्राओं को नामांकन के लिए चयन–पत्र (Selection letter) की आवश्यकता नहीं है।

प्राचीन भारतीय इतिहास एवं संस्कृति (AIH&C), नाट्य (Drama), संस्कृत (Sanskrit), मैथिली (Maithili), उर्दू (Urdu), दर्शनशास्त्र (Philosophy), अर्थशास्त्र

Scanned with AnyScanner

(Economics)* एवं *गणित– कला (Math- Arts) विषयों में निर्धारित नामांकन की सीट से कम आवेदन प्राप्त हुआ है। अतएव छात्र हित को धयान में रखकर उपर्युक्त आठ विषयों में ऑनलाईन आवेदन किये हुए छात्र/छात्रा जो नामांकन से वंचित रह गये है, वैसे छात्र/छात्रा अपने आवेदन में चयनित स्नातकोत्तर विभाग/महाविद्यालय में रिक्त सीटों के विरूद्ध ***दिनांक– 10.11.2023 से 11.11.2023 तक*** अपना नामांकन करा सकते हैं। उपरोक्त विषय के छात्र/छात्राओं को चयन–पत्र (Selection letter) की आवश्यकता नहीं है परंतु ऐसे छात्र/छात्रा के लिये भी नामांकन की अहर्ता वही होगी जो ***पत्रांक– छा0क0– 181/23 दिनांक– 18.10.2023*** के क्रम संख्या– 3 में दर्शाया गया है। इन आठ विषयों में होने वाले नामांकित छात्रों का अपडेशन दिनांक– 11.11.2023 तक कर लेंगे।

नोटः–

सभी विभागाध्यक्ष एवं स्नातकोत्तर अध्यापन वाले महाविद्यालयों के प्रधानाचार्य, चयन सूची से नामांकित छात्र/छात्राओं का Dash Board पर Updation अधिकतम –09.11.2023 तक कर लेंगे तथा प्रतिक्षा सूची से नामांकित छात्रों का Updation नामांकन के साथ ही करते जायेंगे। Update करने में यदि किसी भी तरह की कठिनाई होती है तो अविलम्ब अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से सम्पर्क करें। जिन छात्रों के नामांकन को विभाग/महाविद्यालय द्वारा Dash Board पर Update नहीं किया जायेगा तो यह समझा जायेगा कि संबंधित छात्र/छात्रा नामांकन हेतु विभाग/महाविद्यालयों में उपस्थित नहीं हुए।

माननीय कुलपति महोदय के आदेश से।
विश्वासभाजन,
ह0/–
(प्रो0 विजय कुमार यादव)
<u>अध्यक्ष,छात्र–कल्याण</u>
दिनांकः–04.11.2023

ज्ञापांकः– छा0क0–193/23

<u>प्रतिलिपि प्रेषितः–</u>

1. **कुलपति के सचिव/कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक** के निजी सहायक, ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा को सूचनार्थ।
2. **नोडल पदाधिकारी,** (विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड हेतु) ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।
3. **प्रभारी सहायक, स्नातकोत्तर सामान्य शुल्क संग्रह पटल,** ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।
4. **निदेशक**, संबंधित डाटा सेन्टर, ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ।

04/11/2023
<u>अध्यक्ष,छात्र–कल्याण</u>

4/11/23

Scanned with AnyScanner